

# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-09 बुधवार, दिनांक-10 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.37 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 42 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-644 वन एवं पर्यावरण विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-666 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-684 समाज कल्याण विभाग में स्थानांतरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-685 पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित ।

(vi) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vii) 163 तारांकित प्रश्न अनागत ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्रीमती पूनम देवी यादव का तारांकित प्रश्न संख्या-688 सदन में रखा गया ।

प्रश्नोत्तरकाल के दौरान आसन द्वारा पुन: सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि यदि सदन में आने से पहले विधान सभा के वेबसाईट पर प्रश्नों के उत्तर को देख लेंगे तो सदन का समय बचेगा ।

प्रश्नोत्तरकाल की समाप्ति के उपरांत माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा आज सर्वाधिक 52 प्रश्नों के निस्तारण हेतु आसन को धन्यवाद दिया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि इसके लिए आप सभी माननीय सदस्य बधाई के हकदार हैं और आसन तो सिर्फ प्रसन्नता जाहिर कर सकता है । साथ ही आसन यह भी चाहता है कि इसकी पुनरावृत्ति प्रतिदिन हो ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव (ii) श्री राजेन्द्र कुमार

(iii) श्रीमती पूनम देवी यादव (iv) श्री समीर कुमार महासेठ

(v) श्री महबूब आलम
(vi) श्री नीरज कुमार सिंह
(vii) श्री विजय कुमार खेमका
(viii) श्री अमीत कुमार
(ix) श्री सुबोध राय
(x) श्री बशिष्ठ सिंह
(xi) श्री ललन पासवान
(xii) श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव
(xiii) श्री अशोक कुमार सिंह
(xiv) श्री सरोज यादव
(xv) श्री विद्या सागर केशरी
(xvi) श्री संजय कुमार तिवारी
(xvii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xviii) श्री शमीम अहमद
(xix) श्री सुनील कुमार
(xx) श्री मो० नवाज आलम
(xxi) श्री सुदामा प्रसाद
(xxii) श्री सत्यदेव राम
(xxiii) श्री जिवेश कुमार

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री शिवचन्द्र राम एवं अन्य चार सभासदों के पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री शिवचन्द्र राम द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री पंचायती राज विभाग श्री कपिलदेव कामत द्वारा इसका उत्तर दिया गया । सरकार के वक्तव्य के दौरान माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई ।

(ii) माननीय सदस्य श्री जिवेश कुमार एवं अन्य दस सभासदों के वित्त विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री जिवेश कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा बिहार उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग उपभोक्ता संरक्षण, बिहार और बिहार राज्य के जिला उपभोक्ता फोरमों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति, वेतन भत्ते और सेवा शर्तें) नियमावली, 2019 की प्रति को सदन के मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति श्री श्याम बहादुर सिंह द्वारा समिति का 255वाँ, 256वाँ, 270वाँ, 274वाँ, 276वाँ, 277वाँ एवं 279वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02.00 बजे अपराह्न से 05.03 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

**<u>वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-06 (ग्रामीण विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, विधान मंडल, ग्रामीण कार्य विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-**

माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भाई वीरेन्द्र

(माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती डॉ० रंजु गीता ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री उमेश सिंह कुशवाहा
(iii) श्री मनोज कुमार

| | | | |
|---|---|---|---|
| (iv) | श्री मदन मोहन तिवारी | (v) | श्री सुबेदार दास |
| (vi) | श्री निरंजन कुमार मेहता | (vii) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (viii) | श्री राजेश कुमार | (ix) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (x) | श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव | (xi) | श्रीमती बेबी कुमारी |
| (xii) | श्री चन्द्रसेन प्रसाद | (xiii) | श्री विद्या सागर केशरी |

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री राजू तिवारी

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर आर०जे०डी० एवं सी०पी०आई०(एम०एल०) के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमण कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-11 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-10.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।